**भारत सरकार**

**संस्कृति मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1381**

**उत्तर देने की तारीख : 01 जुलाई, 2019**

**सार्वजनिक पुस्तकालयों की स्थापना**

**1381. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले :**

**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे :**

**डॉ. सुभाष रामराव भामरे :**

**डॉ. हिना विजयकुमार गावीत :**

**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे :**

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने सार्वजनिक पुस्तकालय खोले गए हैं और पंचायत और जिला स्तर सहित देश के विभिन्न भागों में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितने पुस्तकालय खोले जाने का प्रस्ताव है;

(ख) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान इस संबंध में राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी केंद्रीय सहायता उपलब्ध और उपयोग की गई है;

(ग) क्या गत तीन वर्षों में कोई सार्वजनिक पुस्तकालय बंद किया गया है और यदि हां, तो राज्य-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार डिजिटल रूप से उपलब्ध पुस्तकों की संख्या बढ़ाने के लिए डिजिटल कनेक्शनों के द्वारा विश्व भर में प्रमुख भारतीय सार्वजनिक पुस्तकालयों और अन्य सार्वजनिक पुस्तकालयों के बीच सहभागिता विकसित करने की संभावना पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या देश में सार्वजनिक पुस्तकालयों की गुणवत्ता में सुधार हेतु कोई प्रस्ताव प्रक्रिया में है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

**संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**

(क) : संस्कृति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन छः सार्वजनिक पुस्तकालय हैं, नामतः राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता, केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कोलकाता, केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार, नई

दिल्ली, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली, खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना और रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर।

सार्वजनिक पुस्तकालयों की राज्य-वार संख्या अथवा देश के विभिन्न भागों में स्थापना के लिए प्रस्तावित पुस्तकालयों की संख्या से संबंधित डेटा का रखरखाव संस्कृति मंत्रालय द्वारा नहीं किया जाता है क्योंकि सार्वजनिक पुस्तकालय राज्य का विषय होने के कारण, संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरणों के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य करते हैं।

(ख) : राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन में प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय और एक जिला पुस्तकालय की अवसंरचना को एनएमएल मॉडल पुस्तकालय के रूप में स्तरोन्नत करने हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्कीम मौजूद है। संस्वीकृत वित्तीय सहायता और जारी की गई भुगतान राशि का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक 'क'** में दिया गया है।

राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ) की समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीम के अंतर्गत सार्वजनिक पुस्तकालयों के विकास के लिए प्रदान की गई केन्द्रीय सहायता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुलग्नक 'ख'** में दिया गया है।

(ग) : सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य करते हैं। इस मंत्रालय को किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरण से इस संबंध में कोई सरकारी सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

(घ) : ऐसा कोई प्रस्ताव इस मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है।

(ङ) और (च) : संस्कृति मंत्रालय द्वारा राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान की समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीमों के माध्यम से तथा राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन के माध्यम से विभिन्न प्रयोजनों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है, जैसे - पुस्तकालय भवनों का निर्माण/नवीनीकरण, फर्नीचर और उपकरणों सहित अवसंरचना का स्तरोन्नयन, आधुनिकीकरण, पुस्तकों और पठन संसाधनों की खरीद, संगोष्ठी का आयोजन और पुस्तकालय व्यावसायिकों का प्रशिक्षण तथा क्षमता निर्माण, कार्यशाला, आउटरीच कार्यक्रम, बाल कॉर्नर की स्थापना, ब्रेल कॉर्नर खोलना, दिव्यांग जन के लिए सुविधाएं जुटाना, आदि।

**अनुलग्नक- क**

**दिनांक 01 जुलाई, 2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**एनएमएल मॉडल पुस्तकालय स्कीम के तहत राज्य पुस्तकालयों को संस्वीकृत राशि और जारी की गई भुगतान राशि का विवरण**

**(रुपए लाख में)**

| | | | | | वर्ष-वार जारी की गई भुगतान राशि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **राज्य** | **पुस्तकालय का नाम** | **संस्वीकृत राशि** | **कुल** | **2016-17** | **2017-18** | **2018-19** | **2019-20** |
| 1 | उत्तर प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश | 206.00 | 203.75 | 72.07 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, इटावा, उत्तर प्रदेश | 87.00 | 85.93 | 39.45 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3 | पश्चिम बंगाल | पश्चिम बंगाल राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, पश्चिम बंगाल | 222.81 | 219.82 | 97.81 | 40.80 | 8.66 | 0.00 |
| 4 | पश्चिम बंगाल | उत्तर बंगाल राज्य पुस्तकालय, कूचबिहार, पश्चिम बंगाल | 86.98 | 79.73 | 28.27 | 23.45 | 0.00 | 0.00 |
| 5 | ओडिशा | एच.के.एम. राज्य पुस्तकालय, भुवनेश्वर, ओडिशा, | 223.00 | 133.00 | 100.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | ओडिशा | जिला पुस्तकालय, गंजम, ओडिशा | 40.36 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 7 | कर्नाटक | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, बेंगलूरू, कर्नाटक | 223.00 | 159.29 | 89.80 | 36.49 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | कर्नाटक | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, शिमोगा, कर्नाटक | 87.00 | 79.26 | 0.00 | 45.76 | 17.00 | 0.00 |
| 9 | अरुणाचल प्रदेश | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, इटानगर, अरुणाचल प्रदेश | 223.00 | 166.08 | 98.29 | 67.79 | 0.00 | 0.00 |
| 10 | अरुणाचल प्रदेश | जिला पुस्तकालय, पासीघाट, अरुणाचल प्रदेश | 87.00 | 66.32 | 32.29 | 34.02 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | त्रिपुरा | बीरचन्द्र राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, त्रिपुरा | 223.00 | 104.14 | 44.75 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 12 | त्रिपुरा | उनाकोटी जिला पुस्तकालय, त्रिपुरा | 87.00 | 36.78 | 16.33 | 4.45 | 0.00 | 0.00 |
| 13 | मिजोरम | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, आइजॉल, मिजोरम, | 128.70 | 124.51 | 67.00 | 8.12 | 16.38 | 0.00 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | मिजोरम | जिला पुस्तकालय, कोलासिब, मिजोरम | 50.00 | 50.00 | 33.50 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 15 | असम | जिला पुस्तकालय, जोरहाट, असम | 40.00 | 39.99 | 13.20 | 21.09 | 5.70 | 0.00 |
| 16 | असम | जिला पुस्तकालय, गुवाहाटी, असम | 70.00 | 69.59 | 35.40 | 34.20 | 0.00 | 0.00 |
| 17 | तेलंगाना | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, हैदराबाद, तेलंगाना | 112.25 | 72.30 | 39.39 | 10.92 | 22.00 | 0.00 |
| 18 | तेलंगाना | जिला केन्द्रीय पुस्तकालय, महबूबनगर, तेलंगाना | 52.00 | 33.00 | 16.50 | 0.00 | 16.50 | 0.00 |
| 19 | राजस्थान | डॉ. राधाकृष्णन राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, जयपुर, राजस्थान | 183.51 | 64.81 | 33.83 | 30.98 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | राजस्थान | राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय, कोटा, राजस्थान | 63.46 | 33.00 | 0.00 | 16.50 | 16.50 | 0.00 |
| 21 | गोवा | कृष्णदास शमा राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, पणजी, गोवा | 223.00 | 1.49 | 0.00 | 1.49 | 0.00 | 0.00 |
| 22 | गोवा | डॉ. फ्रेंसिस्को लुइस गोम्स जिला पुस्तकालय, नवेलिन, गोवा | 87.00 | 3.38 | 0.00 | 3.38 | 0.00 | 0.00 |
| 23 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, वेल्लौर, तमिलनाडु | 87.00 | 59.53 | 0.00 | 53.51 | 6.02 | 0.00 |
| 24 | तमिलनाडु | जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु | 70.00 | 62.78 | 0.00 | 25.97 | 36.81 | 0.00 |
| 25 | नागालैंड | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, कोहिमा, नागालैंड | 177.49 | 175.48 | 0.00 | 85.58 | 89.90 | 0.00 |
| 26 | नागालैंड | जिला पुस्तकालय, दीमापुर, नागालैंड | 73.81 | 69.75 | 0.00 | 38.18 | 31.57 | 0.00 |
| 27 | मणिपुर | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, इम्फाल, मणिपुर | 40.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 28 | मणिपुर | जिला पुस्तकालय, सेनापति, मणिपुर | 20.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 29 | छत्तीसगढ़ | जिला पुस्तकालय, दंतेवाड़ा | 87.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 30 | छत्तीसगढ़ | जिला पुस्तकालय, रायगढ़ | 87.00 | 13.64 | 0.00 | 13.64 | 0.00 | 0.00 |
| 31 | आंध्र प्रदेश | राज्य क्षेत्रीय पुस्तकालय, गुंटूर | 50.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 32 | आंध्र प्रदेश | क्षेत्रीय पुस्तकालय, राजमुंद्री | 30.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | पुदुचेरी (पांडिचेरी) | रोमेन रॉलैंड पुस्तकालय, राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, पुदुचेरी | 166.47 | 117.13 | 0.00 | 33.00 | 25.41 | 58.72 |
| 34 | पुदुचेरी (पांडिचेरी) | डा. एस. आर. रंगनाथन राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय, जिला पुस्तकालय, कराइकल | 76.04 | 3.71 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3.71 |
| 35 | गुजरात | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, गांधीनगर | 105.01 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 36 | केरल | राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय, तिरुवनंतपुरम | 116.61 | 15.38 | 0.00 | 11.95 | 3.44 | 0.00 |
| 37 | सिक्किम | सिक्किम राज्य केन्द्रीय पुस्तकालय | 3.02 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 38 | महाराष्ट्र | जिला पुस्तकालय, नंदूरबार, महाराष्ट्र | 21.90 | 15.75 | 0.00 | 13.36 | 2.39 | 0.00 |
| 39 | महाराष्ट्र | राजकीय संभागीय पुस्तकालय, औरंगाबाद | 60.55 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 40 | मध्य प्रदेश | राजकीय जिला पुस्तकालय, खांडवा, | 73.20 | 33.00 | 0.00 | 0.00 | 33.00 | 0.00 |
| 41 | मध्य प्रदेश | राजकीय अहिल्या पुस्तकालय, इंदौर | 87.00 | 16.50 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 16.50 |
| **कुल** | | | **4238.17** | **2408.81** | **857.87** | **654.62** | **331.28** | **78.93** |

अनुलग्नक-ख

**दिनांक 01 जुलाई, 2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1381 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान सार्वजनिक पुस्तकालय सेवाओं के विकास के लिए विविध समतुल्य और गैर-समतुल्य स्कीमों के अंतर्गत राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता द्वारा प्रदान की गई राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार केन्द्रीय सहायता**

(राशि रुपए में)

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम | केन्द्रीय सहायता | | | |
|---|---|---|---|---|
| | 2016-17 | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 (24.06.2019 की स्थिति के अनुसार) |
| आंध्र प्रदेश | 16085276.43 | 4045504.92 | 9545590.59 | 1092034.82 |
| अरुणाचल प्रदेश | 21975060.47 | 16603671.10 | 12012544.80 | 5774040.63 |
| असम | 34092730.46 | 48919468.34 | 10404261.46 | 1577383.63 |
| बिहार | 4477167.98 | 1996869.29 | 3193946.72 | 606686.01 |
| गुजरात | 27865921.45 | 33474288.57 | 27403051.15 | 2156893.54 |
| गोवा | 1420087.40 | 2674826.26 | 2914079.34 | 121337.20 |
| हरियाणा | 7749982.17 | 4340061.14 | 2757794.77 | 485348.81 |
| हिमाचल प्रदेश | 11051491.97 | 6319268.20 | 4166745.53 | 788691.82 |
| जम्मू और कश्मीर | 5592847.58 | 34628799.89 | 12835030.30 | 2014049.01 |
| कर्नाटक | 28318461.44 | 60264864.39 | 34115537.62 | 1456046.43 |
| केरल | 10849051.47 | 7404744.11 | 13401792.40 | 849360.42 |
| मध्य प्रदेश | 14550795.93 | 6489825.20 | 12942076.21 | 2548081.25 |
| महाराष्ट्र | 35499981.90 | 30203707.81 | 31429021.84 | 3055120.44 |
| मणिपुर | 26666594.88 | 22756598.83 | 25113067.90 | 424680.21 |
| मेघालय | 5416273.39 | 2546872.95 | 2465157.37 | 485348.81 |
| मिजोरम | 17275115.58 | 12338594.97 | 13616949.70 | 719680.21 |
| नागालैंड | 34530936.38 | 42367066.79 | 26300183.27 | 494564.81 |
| ओडिशा | 17741945.96 | 16153748.72 | 13492674.37 | 585348.81 |
| पंजाब | 3917521.98 | 1996869.29 | 1540723.36 | 303343.01 |
| राजस्थान | 33307710.73 | 27368259.26 | 28743437.39 | 1666655.03 |
| सिक्किम | 2238583.99 | 6236821.65 | 11590941.49 | 242674.41 |
| तमिलनाडु | 29251885.43 | 58240045.03 | 60364396.34 | 2175232.44 |
| त्रिपुरा | 9939710.69 | 15442789.35 | 9385477.93 | 1278118.21 |
| उत्तर प्रदेश | 23725133.34 | 24672604.95 | 10346887.39 | 1813415.03 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पश्चिम बंगाल** | 28063033.45 | 41869037.57 | 14450508.59 | 1622729.82 |
| **अंडमान एवं निकोबार** | 1119291.99 | 499217.32 | 616289.34 | 121337.20 |
| **चंडीगढ़** | 2515204.40 | 4117522.20 | 2565450.60 | 50872.20 |
| **दादर एवं नागर हवेली** | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| **दिल्ली** | 550000.00 | 600000.00 | 1267500.00 | 0.00 |
| **लक्षद्वीप** | 559646.00 | 249608.66 | 308144.67 | 60668.60 |
| **पुद्दुचेरी** | 4641267.49 | 748825.98 | 924434.01 | 182005.80 |
| **छत्तीसगढ़** | 10298229.99 | 1248043.31 | 5546604.09 | 1092034.82 |
| **झारखंड** | 1795787.99 | 748825.98 | 1074434.01 | 182005.80 |
| **उत्तराखंड** | 5852601.39 | 1273043.31 | 1319236.09 | 242674.41 |
| **तेलंगाना** | 0.00 | 2779584.28 | 15731391.34 | 2540282.44 |
| **दमन एवं दीव** | 0.00 | 0.00 | 198070.00 | 0.00 |
| **कुल** | 478935331.70 | 541619879.62 | 424083431.98 | 38808746.08 |

**टिप्पणी :** प्रस्ताव की संस्वीकृति और भुगतान जारी करना संबंधित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र पुस्तकालय प्राधिकरण से प्रस्ताव और दावों की प्रस्तुति पर निर्भर करता है।